**दिनांक: 06-07-2024**

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा बाद मुठभेड लूट का 01 वांछित अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01 मोटरसाईकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस, लूट का समान (01 मोबाईल, 01 पर्स जिसमे कुछ रूपये, महिला के श्रृंगार का सामान व एक चाबी) बरामद।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धर‌पकड हेतु लगातार सघन चैकिंग व गश्त की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 06/07.07.2024 की रात्रि को जब थाना सदर बाजार पुलिस टीम द्वारा मिनी बाईपास चौराहे पर चैकिंग की जा रही थी तभी दो सदिंग्ध व्यक्ति मवि खुर्द की तरफ से आते दिखाई दिये, जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो दोनो व्यक्ति अचानक से पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए चुन्हैटी की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों की पीछा किया गया एवं जब पुलिस टीम द्वारा बदमाशों को आत्मसमर्पण हेतु चेतावनी दी गई तो बदमाशों द्वारा पुनः पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गई, पुलिस की जवाबी आत्मरक्षार्थ फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसकी पहचान **मोण्टी उर्फ अभिषेक पुत्र सुनील निवासी गलीरा थाना सदर बाजार, सहारनपुर** के रूप में हुई है जो **दिनांक 03.07.2024 को महिला के साथ हुई लूट के मुकदमें अपराध सख्यां 365/24 धारा 304 बीएनएस का वांछित अभियुक्त है।** बदमाश का अन्य साथी अधेंरे व जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश हेतु काम्बिंग की जा रही है। घायल बदमाश को उपचार हेतु चिकित्सालय भर्ती करवाया गया है। **गिरफ्तार अभियुक मोण्टी उपरोक्त एक शातिर किस्म का अपराधी है जिस पर जनपद के विभिन्न थानो पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमें पंजीकृत हैं।** गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-** पूछताछ करने पर अभियुक्त मोण्टी उर्फ अभिषेक उपरोक्त ने बताया कि मै और मेरा साथी पिछले 7-8 वर्षों से लूट, चोरी, छिनाझपटी व मादक पदार्थों की तस्करी जैसे अपराध कर रहे है दिनांक 03.07.2024 को मै व मेरा साथी हम दोनों शाम के समय इसी मोटरसाइकिल से जो हमसे बरामद हुई है से सब्जी मण्डी में एक महिला से उसका पर्स व मोबाइल लूटकर भाग गये थे जिसमें 3000/-रुपये व अन्य सामान था जिसमें से मैने 2000/- रुपये अपने साथी को दे दिये व अन्य सामान व पैसे मैने अपने पास रख लिया था। आज मै अपने अन्य साथी के साथ रात में कोई घटना कारित करने के उद्धेश्य से जा रहे थे रास्ते में पुलिस पार्टी द्वारा चैकिंग की जा रही थी पुलिस पार्टी द्वारा हमे रोकने का इशारा किया गया तो हम पुलिस टीम पर फायरिंग कर कच्चे रास्ते से भागने लगे तो हमारी मो0सा0 फिसल कर गिर गयी तथा मुठभेड़ के दौरान मेरे पैर में गोली लग गयी और मेरा साथी अधेंरे का फायदा उठाकर जंगल की तरफ भाग गया।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-</u>**

मोण्टी उर्फ अभिषेक पुत्र सुनील निवासी गलीरा थाना सदर बाजार, सहारनपुर

**<u>बरामदगी का विवरणः-</u>**

- 01 मोटरसाईकिल (बिना नम्बर प्लेट),
- 01 तमंचा 315 बोर, 02 खोखा व 02 जिंदा कारतूस,
- लूट का समान (01 मोबाईल, 01 पर्स जिसमे कुछ रूपये, महिला के श्रृंगार का सामान व एक चाबी)

**<u>अभियुक्त मोण्टी उर्फ अभिषेक का आपराधिक इतिहासः-</u>**

1. मु0अ0स0 0211/2019 धारा 380, 411 भादवि0 चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर
2. मु0अ0स0 0234/2019 धारा 380, 411 भादवि0 चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर
3. मु0अ0स0 0235/2019 धारा 380, 411 भादवि० चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर
4. मु0अ0स0 0237/2019 धारा 8/20 NDPS Act चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर
5. मु0अ0स0 0467/2017 धारा 380, 411 भादवि0 चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर
6. मु0अ0स0 0490/20217 धारा 8/20 NDPS Act चलानी थाना सदर बाजार, सहारनपुर

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. प्रभारी निरीक्षक सुबे सिंह थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
2. उ0नि0 श्री देवेन्द्र अधाना थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
3. उ0नि0 मौ० जहांगीर थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
4. है0का0 850 सचिन कुमार, थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
5. का0 1815 विशाल, थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
6. का0 215 सुमित कुमार थाना सदर बाजार, सहारनपुर।
7. चालक का0 1565 विनय कुमार थाना सदर बाजार, सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः 06/07/2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना गंगोह, सहारनपुर पुलिस द्वारा मात्र 24 घण्टे में अपने भतीजे की हत्या करने वाला हत्यारोपी चाचा गिरफ्तार, अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा/कारतूस बरामद

अवगत कराना है कि दिनांक 04/07/2024 को वादी श्री संजय पुत्र कृपाल सिंह निवासी ग्राम जेहरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत वादी के भाई कुलदीप की चाचा किरणपाल उर्फ बबली द्वारा जमीन के बँटवारे को लेकर गोली मारकर हत्या कर देने के सम्बन्ध मे थाना गंगोह पर मु0अ0सं0-265/24 धारा 103(1) बी0एन0एस0 बनाम किरणपाल उर्फ बबली के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल हत्या की घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी गंगोह के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक श्री हृदय नारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 05.07.22024 को मुखबिर की सूचना पर थाना गंगोह पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए **अभियुक्त किरणपाल उर्फ बबली पुत्र मुसद्दीलाल निवासी ग्राम जेहरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर हाल पता पंजाबी बाग थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर** को ग्राम बुढ़नपुर बस अड्डे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशादेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 01 तमंचा व 01 खोखा कारतूस दूधला तिराहा के पास से बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पूछताछ विवरण-** अभियुक्त किरणपाल उर्फ बबली ने पूछताछ पर बताया कि मेरा व मेरे भतीजे कुलदीप का दादालाई जमीन व मकान के बटँवारे को लेकर विवाद चल रहा था। इस सम्बन्ध मे कई बार हमारे बीच पंचायत भी हो चुकी थी। जिसमें कुलदीप के द्वारा पहले ढाई बीघा जमीन देने को कहा गया लेकिन उसके द्वारा जमीन नही दी गयी। फिर दोबारा गाँव मे पंचायत हुई उसमें भी कुलदीप ने जमीन देने से इन्कार कर दिया। फिर भी परिवारीजनों व कुलदीप की सहमति से दिनांक 04/07/2024 को मैने अपने हिस्से की जमीन पर मकान बनाने हेतु नींव खोदी जा रही थी तो उस समय किसी के द्वारा कोई भी विरोध नही किया गया तथा शाम के समय कुलदीप घर पर आया जिसके बाद कुलदीप मुझसे नींव खोदने के लेकर बहसबाजी करने लगा तथा कुलदीप मुझसे बोला कि आज के बाद कभी गांव मे भी मत आ जाना नही तो तुझे जान से मार दूंगा और मेरे साथ हाथापाई करने लगा। इस बात पर मुझे गुस्सा आ गया और मैने अपने सुड्ड़े से तमंचा निकालकर उस पर सामने से फायर कर दिया जिससे गोली कुलदीप के सीने में जा लगी और कुलदीप मौके पर ही गिर गया था। इसके बाद मै घबरा गया और तमंचा लेकर वहाँ से भाग गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

किरणपाल उर्फ बबली पुत्र मुसद्दीलाल निवासी ग्राम जेहरा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर हाल पता पंजाबी बाग थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त**

(1) मु0अ0सं0- 279/2007 धारा 323/324/506 भा.द.वि चालानी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

(2) मु0अ0सं0- 265/24 धारा 103(1) बीएन0एए0स व 3/25/27 आर्म्स एक्ट चालानी थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

**बरामदगी का विवरण –**

01 तमंचा 315 बोर

01 खोखा कारतूस 315 बोर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**-

(1) प्रभारी निरीक्षक श्री हृदय नारायण सिंह थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

(2) व0उ0नि0 श्री संजय शर्मा थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

(3) है0कां0 362 अमित कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

(4) है0कां0 322 मोनू कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

(5) कां0 688 प्रवीण कुमार थाना गंगोह जनपद सहारनपुर

दिनांकः- 06.07.2024

**-प्रेस नोट-**

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा हिस्ट्रीशीटर वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा वारण्टी **अभियुक्त मुर्सलीन पुत्र युसुफ निवासी ग्राम सलेमपुर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** सम्बन्धित वाद सं0 783/18 धारा 307/399/408 भादवि थाना सरसावा जनपद सहारनपुर को ग्राम सलेमपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तारशुदा अभियुक्त**

1. मुर्सलीन पुत्र युसुफ निवासी ग्राम सलेमपुर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 राजीव कुमार थाना सरासावा सहारनपुर
2. है0का0 1050 नितिन कुमार थाना सरसावा सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0स0 378/17 धारा 380/454 भादवि थाना सरसावा स0पुर
2. मु0अ0स0 453/17 धारा 399/402/307 भादवि थाना सरसावा स0पुर
3. मु0अ0स0 457/17 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरसावा स0पुर
4. मु0अ0स0 460/17 धारा411/414 भादवि थाना सरसावा स0पुर
5. मु0अ0स0 215/20 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना सरसावा स0पुर
6. मु0अ0स0 34/2021 धारा 398/402/307 भादवि थाना सरसावा स0पुर
7. मु0अ0स0 3/25 आर्मस एक्ट थाना सरसावा स0पुर
8. मु0अ0स0 50/2021 3 यूपी गुण्डा एक्ट थाना सरसावा स0पुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 22/06/2024 को वादी की लिखित तहरीर बाबत वादी की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना सरसावा पर मु0अ0सं0 147/2024 धारा 376/452/506 भा0द0वि0 बनाम आदेश के पंजीकृत कराया गया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।** आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित **अभियुक्त आदेश पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम भलवा थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर** को रेलवे स्टेशन रोड कस्बा सरसावा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

आदेश पुत्र तिलकराम निवासी ग्राम भलवा थाना जानसठ जनपद मुजफ्फरनगर

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 श्री महेश कुमार थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री सुरेन्द्र शर्मा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

दिनांकः- 06.07.2024

-प्रेस नोट-

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, सहारनपुर पुलिस द्वारा वाहन चोर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व वाहन चोरी की घटनाओं की रोकथाम व शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना सरसावा पुलिस टीम द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान **अभियुक्त जीशान पुत्र महफूज निवासी मौहल्ला मिर्धान थाना सरसावा जनपद सहारनपुर** को जैन समाधी मन्दिर, ट्यूबवैल के पास कस्बा सरसावा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की मोटरसाईकिल स्प्लेन्डर प्लस रंग काला नम्बर प्लेट HR05 6074 जिसका चैसिस न0 04M16F09214 व इजन न० 04M15E09476 है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सरसावा पर मु०अ०सं० 167/24 धारा 317(5) बी०एन०एस० बनाम जीशान के पंजीकृत किया गया । अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय से समक्ष पेश किया जा रहा है।

**पछताछ का विवरण –** अभियुक्त जीशान ने पूछताछ पर बताया कि मै कम पढा लिखा हूँ जिस कारण मेरे पास कोई काम नही है और मै नशा करने का आदी हूँ अपनी नशे की जरूरतों को पूरा करने के लिए चोरी कर लेता हूँ। मोटर साइकिल के बारे में पूछने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल में मैने यमुनानगर जगाधरी से चोरी की थी।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता</u>**

जीशान पुत्र महफूज निवासी मौहल्ला मिर्धान थाना सरसावा सज्पुर

**<u>आपराधिक इतिहास</u>**

1. मु०अ०स० 66/2022 धारा 63 आबकारी अधि० थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
2. मु०अ०स० 167/20223 धारा 63 आबकारी अधि० थाना तरसाबा जनपद सहारनपुर
3. मु०अ०सं० 167/24 धारा 317 (5) बी०एन० एप्स) थाना सरसावा सहारनपुर

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>**

01 स्प्लेन्डर प्लस मोटरसाइकिल ( रंग काला नम्बर प्लेट HR05 6074 जिसका चैसिस न0 04M16F09214 व इजन न0 04M15E09476)

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –</u>**

1. उ०नि० श्री रामबीर सिंह शाक्य, थाना सरसाबा जनपद सहारनपुर ।
2. है०का0 892 अजय राठी थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।
3. का0 1259 विनीत तोमर थाना सरसावा जनपद सहारनपुर ।

-प्रेस नोट-

दिनांक- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना साइबर हैल्प डैस्क द्वारा पीडित के 24000/- रूपये वापस कराये।

अवगत कराना है कि दिनांक 23.04.2024 को पीडित/शिकायतकर्ता श्री सचिन पुत्र श्री शिव कुमार नि0 ग्राम गुमटी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर द्वारा ऑनलाइन शिकायत संख्या 23104240042113 दर्ज करायी थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियन्त्रण व साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे थाना चिलकाना साईबर हैल्प डैस्क टीम द्वारा शिकायतकर्ता श्री सचिन पुत्र श्री शिव कुमार नि0 ग्राम गुमटी थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर की ऑनलाइन शिकायत संख्या 23104240042113 मे त्वरित कार्यवाही करते हुए शिकायतकर्ता के शत प्रतिशत 24000/- रूपये वापस कराये गये। धनराशी वापस आने पर पीडित द्वारा थाना चिलकाना साइबर हैल्प डैस्क का आभार प्रकट किया गया।

**वापस करायी गयी धनराशि का विवरण-**

- 24000/- रूपये

**साइबर हैल्प डैस्क टीम-**

1. थानाध्यक्ष श्री कपिल देव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री विजय सिह थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
3. कम्प0 ऑपरेटर विकास देशवाल थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
4. कम्प0 ऑपरेटर कपिल देव थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर
5. का0 123 सुधीर थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना चिलकाना पुलिस द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री कपिल देव के कुशल नेतृत्व मे चिलकाना पुलिस टीम द्वारा 02 वांरटी अभियुक्तगण **विनोद पुत्र बलजीत निवासी ग्राम भोजपुरतगा थाना चिलकाना सहारनपुर** सम्बन्धित वाद संख्या- 2384/2023 धारा—60/62 आबकारी अधिनियम श्रीमान जे0एम द्वितीय स0पुर को उसके मसकन ग्राम भोजपुरतगा से व **शौकिन पत्र इसरार नि0 ग्राम संगमौर थाना चिलकाना सहारनपुर** सम्बन्धित वाद संख्या- 1769/22 धारा—307 भादवि व वाद संख्या—1771/22 धारा—3/25 आर्म्स एक्ट श्रीमान एडीजे- 15 एड0पाक्सो कोर्ट सहारनपुर को उसके मसकन ग्राम संगमौर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तगण को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम पता:-**

1. विनोद पुत्र बलजीत निवासी ग्राम भोजपुरतगा थाना चिलकाना स0पुर।
2. शौकिन पत्र इसरार नि0 ग्राम संगमौर थाना चिलकाना सहारनपुर।

**आपराधिक अभियुक्त शौकिनः--**

मु0अ0सं0—125/2022 धारा—307 भादवि थाना चिलकाना सहारनपुर।
मु0अ0सं0—126/2022 धारा—3/25 आर्म्स एक्ट थाना चिलकाना सहारनपुर।
मु0अ0सं0—127/2022 धारा—414 भादवि थाना चिलकाना सहारनपुर।
मु0अ0सं0—314/2022 धारा—379/411 भादवि थाना चिलकाना सहारनपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:**

1. उ0नि0 विजय सिंह थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर।
2. का0 634 मनोज कुमार थाना चिलकाना सहारनपुर।
3. का0 2361 जितेन्द्र सिंह थाना चिलकाना सहारनपुर।

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहानरपुर उत्तर प्रदेश

## थाना मिर्जापुर, सहारनपुर पुलिस द्वारा 07 वारण्टी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्र0नि0 थाना मिर्जापुर श्री बीनू चौधरी के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 07 वारन्टी अभियुक्तगण **1.प्रदीप कुमार पुत्र शीतल सिह निवासी ग्राम करौदा महाजन थाना फुगाना जिला मुजफ्फरनगर** सम्बन्धित वाद 1230/20 मु0अ0स0 95/2005 धारा 279/337/338/427 भादवि **2. सुभान पुत्र इमरान निवासी ग्राम समसपुर नौगांवा थाना मिर्जापुर सहारनपुर** सम्बन्धित वाद स0 सम्बन्धित वाद स0 303/22 धारा 380/411 भादवि **3. मतलूब पुत्र हबीब निवासी ग्राम लान्डा पुल थाना मिर्जापुर सहारनपुर 4. नौशाद पुत्र हबीब निवासी ग्राम लान्डा पुल थाना मिर्जापुर सहारनपुर** वाद स0 3245/19 धारा 323/452/504/506 भादवि **5. अजय पुत्र चरण सिह निवासी ग्राम** अकबरपुर बास थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर वाद स0 2217/21 धारा 379/411 भादवि **6.अफजाल पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम लोधीपुर बास थाना मिर्जापुर सहारनपुर** वाद स0 3500/19 धारा 10 जी एक्ट **7. गुफरान पुत्र जुल्फान निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर बासं उर्फ लोधी बास थाना मिर्जापुर सहारनपुर** को दौराने दबिश उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही कर वारण्टी अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्तों के नाम व पताः-**

1. प्रदीप कुमार पुत्र शीतल सिह निवासी ग्राम करौदा महाजन थाना फुगाना जिला मु0नगर
2. सुभान पुत्र इमरान निवासी ग्राम समसपुर नौगांवा थाना मिर्जापुर सहारनपुर
3. मतलूब पुत्र हबीब निवासी ग्राम लान्डा पुल थाना मिर्जापुर सहारनपुर
4. नौशाद पुत्र हबीब निवासी ग्राम लान्डा पुल थाना मिर्जापुर सहारनपुर
5. अजय पुत्र चरण सिह निवासी ग्राम अकबरपुर बास थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर
6. अफजाल पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम लोधीपुर बास थाना मिर्जापुर सहारनपुर
7. गुफरान पुत्र जुल्फान निवासी ग्राम अलाउद्दीनपुर बासं उर्फ लोधी बास थाना मिर्जापुर सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 नरेश कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 संजीव कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
3. उ0नि0 जसपाल सिंह थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
4. उ0नि0 नवीन कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
5. हेका0 32 गौरव भाटी थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
6. का0 1131 सूरज शर्मा थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
7. का 1365 मंजीत कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर
8. का0 2418 अंकित कुमार थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना सरसावा, पुलिस द्वारा 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 12 बोतल अवैध देशी शराब बरामद

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण एवं अवैध मादक पदार्थों एवं इसकी तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थानाध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार राय के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त **अंकित राणा पुत्र मुकेश निवासी ग्राम मन्धौर थाना सरसावा सहारनपुर** को मन्धौर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 12 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद हुई। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 166/24 धारा 63 आबकारी अधि0 पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मै नशे का आदि हूँ अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए हरियाणा राज्य से शराब लाकर गाँव के लोगो को ही बेच देता हाँ। जिससे मुझे कुछ मुनाफा हो जाता है और मेरा नशे का खर्च निकल जाता है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

अंकित राणा पुत्र मुकेश निवासी ग्राम मन्धौर थाना सरसावा सहारनपुर।

### बरामदगी का विवरणः-

12 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का

### गिरफ्तार अभियुक्त अपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0स0 12/2020 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट थाना सरसावा जिला सहारनपुर
2. मु0अ0सं0 125/2020 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना सरसावा जिला सहारनपुर
3. मु0अ0सं0 126/2022 धारा 63 आबकारी अधि0 थाना सरसावा जिला सहारनपुर
4. मु0अ0सं0 158/2023 धारा 63 आबकारी अधि0 एक्ट थाना सरसावा जिला सहारनपुर
5. मु0अ0स0 33/2021 धारा 8115 एनडीपीएस एक्ट थाना सरसावा जिला सहारनपुर
6. मु0अ0स0364/2022 धारा 63 आबकारी अधि0 थाना सरसावा जिला सहारनपुर
7. मु0अ0सं0 166/24 धारा 63 आबकारी अधि0 थाना सरसावा जिला सहारनपुर

### गिरफ्तार करने वाली टीम

1. उ0नि0 श्री यशपाल सिंह सोम थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
2. का0 1960 टोकचन्द थाना सरसावा जनपद सहारनपुर
3. का0 2423 मनमोहन थाना सरसावा जनपद सहारनपुर

-प्रेस नोट-

दिनांक: 06-07-2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर, उत्तर प्रदेश

## थाना बेहट पुलिस द्वारा फायरिंग करने के मामले वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनाँक 02.07.2024 को उ0नि0 श्री रोविल्स कुमार की लिखित तहरीर बाबत 05-06 मोटरसाइकिलो पर सवार अज्ञात बदमाशो जो अपने-2 मुह पर कपडा लपेटे हुए युवको द्वारा अपने हाथो में लिये हथियारो से आने जाने वाले व्यक्तियो पर जान से मारने की नीय़त से अन्धाधुन्ध फायरिंग करने के सम्बन्ध मे थाना बेहट पर मु0अ0सं0 190/2024 धारा-109/190/191(2)/191(3) बीएनएस व 07 सीएलए एक्ट पंजीकृत कराया गया। मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्तगण की शिनाख्त कर 04 अभियुक्तो को पूर्व मे गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल उक्त घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्तो की शिनाख्त कर शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे। आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण एवं कार्यवाहक थाना प्रभारी श्री रोविल्स कुमार के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित **अभियुक्त प्रथम सैनी पुत्र सोनी कुमार नि0 ग्राम मझाडी थाना बेहट जिला सहारनपुर** को कस्बा बेहट से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**विवरण पूछताछ –** अभियुक्त प्रथम सैनी उपरोक्त द्वारा पूछने पर बताया कि मै व मेरे साथी 1.हर्ष राणा उर्फ गोनू, 2. राहुल सिंह, 3. भानू प्रताप, 4, प्रशान्त, 5. सौरभ, व 6. अंकुश व अन्य व्यक्तियो के साथ मिलकर क्षेत्र मे अपना वर्चस्व कायम करने एवं जनता मे भय फैलाना चाहते थे, जिसके लिये मेरे साथियो द्वारा दिनाँक 01.07.2024 को दिन दहाडे गाँव अम्बेहट ईस्माईलपुर मे तीन जगह पर शिवम व उसके पिता व आते जाते लोगो के जान से मारने की नीयत से उनके उपर फायरिंग की थी और मै उन लोगो के साथ था लेकिन मेरे द्वारा कोई फायरिंग नही की गयी थी फिर हम लोग अपनी अपनी मोटर साईकिलो से गाँव हुसैन मलकपुर की तरफ भाग गये हमारे साथ मे इनके अलावा 03-04 लडके और भी थे जिनके नाम मै नही जानता हूँ।

**गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम व पता-**

प्रथम सैनी पुत्र सोनी कुमार नि0 ग्राम मझाडी थाना बेहट जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस पार्टी का नाम:-**

1. कार्यवाहक थाना प्रभारी श्री रोविल्स कुमार थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर
2. उ0नि0 श्री तोताराम सिंह थाना कोतवाली बेहट जनपद सहारनपुर

**आपराधिक इतिहास**

1. मु0अ0सं0 448/22 धारा 323, 325, 504, 506 भादवि ------- बेहट

-प्रेस नोट-

दिनांकः- 06.07.2024

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश

## थाना कोतवाली मण्डी, सहारनपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

अवगत कराना है कि दिनांक 06.07.2024 को वादिया की लिखित तहरीर बाबत वादिया की पुत्री के साथ दुष्कर्म करने व किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध मे थाना कोतवाली मण्डी पर मु0अ0सं0 257/2024 धारा 65(1)/333/74/351(3) बीएनएस व धारा 4(2) पाक्सो अधि0 बनाम अफसान पुत्र सरवर निवासी जिकरिया कॉलोनी खाता खेडी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर के पंजीकृत कराया गया था।

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर द्वारा तत्काल घटना का संज्ञान लेकर अभियुक्त की शीघ्र अति शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आदेश-निर्देश दिये गये थे।** आदेश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक श्री नेमचन्द सिहं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.07.2024 को थाना कोतवाली मण्डी पुलिस टीम द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित वांछित **अफसान पुत्र सरवर निवासी जिकरिया कॉलोनी खाता खेडी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर** को जुल्मगढ की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

1. अफसान पुत्र सरवर निवासी जिकरिया कॉलोनी खाता खेडी थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

**गिरफ्तार करने वाली टीम**

1. उ0नि0 श्री अतुल कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
2. है0का0 477 विनोद कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर
3. है0का0 516 सोनू कुमार थाना मण्डी जनपद सहारनपुर

# प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांकः 06.07.2024 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम जनपद सहारनपुर में मेरठ जोन की 27वीं अन्तर जनपदीय पुलिस कुश्ती, बॉक्सिंग, बॉडी बिल्डिंग एवं आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता–2024 का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्री रोहित सिंह सजवाण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद सहारनपुर द्वारा किया गया, इस अवसर पर श्री सिद्धार्थ वर्मा पुलिस अधीक्षक यातायात/लाइन्स, श्री अभियन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक नगर, श्री सागर जैन पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारीगण श्री विजय आनन्द, श्री रविकान्त पाराशर, श्री मुनीश चन्द व सुश्री रूचि गुप्ता, मुख्य अग्निशमन अधिकारी श्री प्रताप सिंह एवं प्रतिसार निरीक्षक श्री बीरेन्द्र बहादुर एवं अन्य अधिकारी/कर्म0 उपस्थित रहे। उक्त प्रतियोगिता में मेरठ जोन के 09 जनपदो की टीमों के लगभग 185 खिलाडियो (पुरूष/महिला) द्वारा भाग लिया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता के सकुशल संचालन हेतु श्री संदीप पहलवान व श्री प्रदीप कुमार रैफरी कुश्ती, श्री अजय कुमार रैफरी बॉक्सिंग, श्री संजीव तेवतिया व सुश्री दीपा चौधरी रैफरी आर्म रेसलिंग, श्री विश्वास राव रैफरी बॉडी बिल्डिंग द्वारा अपना सहयोग प्रदान किया गया। आज दिनांकः 06.07.2024 को आयोजित हुई प्रतियोगिता का परिणाम निम्नवत् है–

**कुश्ती** :– (महिला/पुरूष)

**ग्रीकोरोमन**

➢ **भार वर्ग – 55 किग्रा (पुरूष) :–**

1. आदेश कुमार – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान

➢ **भार वर्ग – 60 किग्रा (पुरूष) :–**

1. जुगनू – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान

➢ **भार वर्ग – 63 किग्रा (पुरूष) :–**

1. अनुज राठी – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. सुरेन्द्र कुमार – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 67 किग्रा (पुरूष) :–**

1. अंकित – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. शिवकुमार – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 72 किग्रा (पुरूष) :–**

1. सचिन – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. दिनेश कुमार – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 77 किग्रा (पुरूष) :–**

1. गगन कुमार – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. दीपक – जनपद गाजियाबाद – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 82 किग्रा (पुरूष) :–**

1. हरीश यादव – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. पुष्पेन्द्र राठी – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 87 किग्रा (पुरूष) :–**

1. अरूण कुमार – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. विकास – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 97 किग्रा (पुरूष) :–**

1. मोहित खोखर – जनपद गौतमबुद्धनगर – प्रथम स्थान
2. गोविन्द – जनपद गाजियाबाद – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 130 किग्रा (पुरूष) :–**

1. अरविन्द कुमार – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. योगिन्द्र – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

**फ्री स्टाइल**

➢ **भार वर्ग – 57 किग्रा (पुरूष) :–**

1. सुशील – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. पंकज – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 61 किग्रा (पुरूष)** :–

1. विनित – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. नरेश कुमार – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 65 किग्रा** (पुरूष):–

1. रविन्द्र – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान

➢ **भार वर्ग – 70 किग्रा** (पुरूष) :–

1. अभिषेक – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान

➢ **भार वर्ग – 74 किग्रा** (पुरूष) :–

1. आयुष कुमार – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. पंकज – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 79 किग्रा** (पुरूष) :–

1. अमरपाल – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. प्रदीप – जनपद हापुड़ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 86 किग्रा** (पुरूष) :–

1. विशेष नैन – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. विजय – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 92 किग्रा** (पुरूष) :–

1. रवि पंवार – जनपद हापुड़ – प्रथम स्थान
2. विपिन – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 97 किग्रा** (पुरूष) :–

1. नीटू – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. सुजीत धामा – जनपद बुलन्दशहर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 125 किग्रा** (पुरूष) :–

1. हरेन्द्र राणा – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. पंकज – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 50 किग्रा (महिला)** :–

1. चंचल – जनपद गौतमबुद्धनगर – प्रथम स्थान
2. आरती – जनपद सहारनपुर –द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 53 किग्रा (महिला)** :–

1. हेमलता – जनपद गौतमबुद्धनगर – प्रथम स्थान
2. दीपा – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 55 किग्रा (महिला)** :–

1. संगीता – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. मोनिका – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

➢ **भार वर्ग – 57 किग्रा (महिला)** :–

1. आँचल – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. मीना चौधरी – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 59 किग्रा (महिला) :–**

1. तनु मलिक – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. रश्मि – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 62 किग्रा (महिला) :–**

1. कविता – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. गुंजा – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 65 किग्रा (महिला) :–**

1. लवलीन कौर – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. ज्योति – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 68 किग्रा (महिला) :–**

1. संजू देवी – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. संदीपा – जनपद बागपत – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 72 किग्रा (महिला) :–**

1. निशा कुमारी – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. पूनम – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 76 किग्रा (महिला) :–**

1. दीपा – जनपद गााजियाबाद – प्रथम स्थान
2. ईस्मत – जनपद सहानपुर – द्वितीय स्थान

**बॉक्सिंग स्पर्धा** (पुरूष):–

- **भार वर्ग – 92 किग्रा (महिला) :–**

1. विजेन्द्र – जनपद बुलन्दशहर – प्रथम स्थान
2. अजय – जनपद हापुड – द्वितीय स्थान

**आर्म रेसलिंग स्पर्धा** (पुरूष):–

- **भार वर्ग – 55 किग्रा (पुरूष) :–**

1. निखिल – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. विष्णु – जनपद मेरठ – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 60 किग्रा (पुरूष) :–**

1. मनोज कुमार – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. विशाल – जनपद हापुड़ – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 65 किग्रा** (पुरूष):–

1. प्रदीप – जनपद गाजियाबाद – प्रथम स्थान
2. गौरव – जनपद गौतमबुद्धनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 70 किग्रा** (पुरूष) :–

1. पुष्पेन्द्र – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. श्रेष्ट – जनपद गौतमबुद्धनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 75 किग्रा** (पुरूष) :–

1. अमित – जनपद मुजफ्फरनगर – प्रथम स्थान
2. विष्णु – जनपद हापुड़ – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 80 किग्रा** (पुरूष) :–

1. सोहनपाल – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. मनोज – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 85 किग्रा** (पुरूष) :–

1. हेमन्त भाटी – जनपद मुजफ्फरनगर – प्रथम स्थान
2. जयदेव – जनपद बुलन्दशहर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 90 किग्रा** (पुरूष) :–

1. सौरभ – जनपद मुजफ्फरनगर – प्रथम स्थान
2. बिजेन्द्र – जनपद बुलन्दशहर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 100 किग्रा** (पुरूष) :–

1. नवीन कुमार – जनपद मुजफ्फरनगर – प्रथम स्थान
2. यशपाल – जनपद शामली – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 110 किग्रा** (पुरूष) :–

1. सचिन – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. रवि – जनपद हापुड – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 110+ किग्रा** (पुरूष) :–

1. संजीव तेवतिया – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. राजीव कुमार – जनपद सहारनपुर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 50 किग्रा (महिला)** :–

1. दीपा – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. दिव्या – जनपद मुजफ्फरनगर –द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 55 किग्रा (महिला)** :–

1. मीना चौधरी – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. बेबी – जनपद बागपत – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 60 किग्रा (महिला)** :–

1. ज्योति – जनपद मुजफ्फरनगर – प्रथम स्थान
2. सीमा शर्मा – जनपद शामली – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 65 किग्रा (महिला)** :–

1. वैशाली – जनपद हापुड – प्रथम स्थान
2. गुन्जा – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 70 किग्रा (महिला)** :–

1. पूनम – जनपद सहारनपुर – प्रथम स्थान
2. ज्योति चौधरी – जनपद मुजफ्फरनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 80 किग्रा (महिला)** :–

1. रेनू – जनपद मेरठ – प्रथम स्थान
2. मोनिका त्यागी – जनपद गौतमबुद्धनगर – द्वितीय स्थान

- **भार वर्ग – 80+ किग्रा (महिला)** :–

1. दीपा चौधरी – जनपद बुलन्दशहर – प्रथम स्थान
2. बबीता – जनपद बागपत – द्वितीय स्थान

-प्रेस नोट-

दिनांक – 06.07.2024

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में सशक्त पैरवी के चलते मा0 न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवबन्द, सहारनपुर द्वारा जबरन घर में घुसकर गाली-गलौच व मारपीट करने के मामलें में  अभियुक्तगण को 07 वर्ष का कठोर कारावास व 76 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई:**

अवगत कराना है, कि दिनांक 17.09.2021 को वादी श्री हसन पुत्र जहुर निवासी पठानपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर की लिखित तहरीर बाबत अभियुक्तगण 1. नौसाद उर्फ भुरा पुत्र जाबिर, 2. जमशीदा उर्फ शमशीदा पत्नी नौसाद निवासीगण पठानपुरा थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा वादी के लडके शिफटैन व उसकी पत्नी मोहसीन के साथ गाली-गलौच कर मारपीट करने तथा शिफटैन के मौके पर बेहाश हो जाने की सूचना पर थाना देवबन्द पर मु0अ0सं0 564/2021 धारा 308,452,323,325,504,506 भादवि के पंजीकृत कराया गया था। उपरोक्त अभियोग एसटी नं0 15/2022 पर अपर जिला सत्र न्यायाधीष देवबन्द जनपद सहारनपुर में विचाराधीन रहा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में OPERATION CONVICTION में चिन्हित मॉनिटरिग सैल द्वारा की गई सशक्त पैरवी एवं प्रयासो के चलते अपर जिला सत्र न्यायाधीष न्यायाधीष देवबन्द जनपद सहारनपुर द्वारा आज दिनांक 06.07.2024 को अभियुक्तगण **1. नौसाद उर्फ भुरा पुत्र जाबिर व 2. जमशीदा उर्फ शमशीदा पत्नी नौसाद मु0अ0सं0 564/2021 धारा 308,452,323,325,504,506 भादवि दोषी पाते हुए 07 वर्ष का कारावास व 76 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।**

**शासकीय अधिवक्ता (ए0डी0जी0सी0) श्री देवीदयाल शर्मा**
**विवेचक उ0नि0 श्री विवेक वेदवान**
**पैरोकार है0का0 180 कपिल कुमार थाना देवबन्द जनपद सहारनपुर**